# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510






संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ अवधपुरी भोपाल व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई



भोपाल/14 अप्रेल 25

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 18 से 21 अप्रैल मे भोपाल के अवधपुरी क्षेत्र के वेदवती कॉलोनी ग्राउंड मे संपन्न होने जा रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं में प्रज्ञापीठ बरखेड़ा में गहन चिंतन मंथन किया. महायज्ञ समिति के संयोजक गजानंद के घोड़ेड़े ने बताया कि यज्ञ की कलश शोभा यात्रा दिनांक 18 को युग निर्माण के सप्त क्रांति आंदोलनों की झांकियां के साथ पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे अभियानों की झांकियां शोभायात्रा में शामिल रहेंगी. 19 अप्रैल को प्रातः 8ः00 बजे से प्रारंभ होने वाले देवपूजन विशेष कर्मकांड मे भाग लेने के लिए सपत्निक जोडों से सम्पर्क कर लिया गया है. अन्य दिनों मे यज्ञशाला मे पुंसवन, नामकरण, मुंडन, अन्नप्रासन दीक्षा आदि संस्कार आदि यज्ञ आहुतियों के साथ निःशुल्क कराये जावेंगे. महायज्ञ मे प्रतिदिन सायंकाल मे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न विषयों पर आधारित संगीतमय प्रवचन होंगे. महायज्ञ की व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देने के लिए गायत्री परिवार के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं. यज्ञशाला का निर्माणकार्य प्रारम्भ हो चुका है. यज्ञ की व्यवस्थाओं में स्थानीय निवासियों के साथ क्षेत्र के पार्षद श्री शक्ति राव की सक्रिय भागीदारी है. कल की गोष्ठी मे नगर की प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट श्रीमती ज्योति चौहान ने भी भाग लिया. क्षेत्र मे कार्यकर्त्ताओं द्वारा गली गली और द्वार द्वार पर दस्तक देकर श्रद्धालुओं का भावभारा आव्हान किया जा रहा है. कार्यक्रम गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा के मार्गदर्शन मे सम्पन्न होगा.

## भोपाल बीज निगम में बीज निगम के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों मै ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा समयमान वेतनमान एवं अन्य क्लेम का भुगतान नहीं करने का कड़ा विरोध




भोपाल सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई एवं महासचिव अरुण वर्मा सेवानिवृत कर्मचारी आर के वर्मा, एस एस तिवारी, ने पत्रकार वार्ता में बताया की बीज निगम में बीज निगम के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों मै ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा समयमान वेतनमान एवं अन्य क्लेम का भुगतान नहीं करने का कड़ा विरोध एवं असंतोष है जिसकी वजह से 21 अप्रैल 2025 से बीज निगम मुख्यालय के सामने धरना दिया जायेगा। महासचिव अरुण वर्मा ने यह भी बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी का भुगतान नही करने कि वजह से बिना इलाज के कई कर्मचारियों कि मृत्यु हो गई है जिसकी वजह से सेवानिववृत अधिकारियों कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि प्रबंधन सेवानिवृत कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा अन्य क्लेम का तत्काल भुगतान करे अन्यथा 21 अप्रैल से बीज निगम मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा- के आदेश के बाद भी प्रशासन हाश लेबर कोर्ट के भुगतान नहीं किया जा रहा है) लगभग 3-5 वर्षों कई लोगों की भुगतान न होने की दशा में मृत्यु हो गई। पत्रकार वार्ता मे आर के वर्मा, एस एस तिवारी, दिनेश साहू, आर एन मिश्रा, विजय सिंह राजपूत, प्रदीप जैन, रवि मालवीय, सी एम पटेल, अशोक नेमा, ओम प्रकाश जैन, जी के अग्रवाल, के जी शर्मा, लखन लाल गुप्ता सहित भारी संख्या मे सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

## आधी रात को भूखों की सेवा में निकले स्वयंसेवक, बचा हुआ भोजन जरूरतमंदों तक पहुँचाया

भोपाल। जब समूचा शहर गहरी नींद में सो रहा था, तब कोविड पेशेंट हेल्प डेस्क (सीपीएचडी) फाउंडेशन के समर्पित स्वयंसेवक आधी रात को शहर की सड़कों पर भूखों को भोजन कराने के लिए निकल पड़े। यह कार्य केवल सेवा भावना का नहीं, अपितु समाज के प्रति दायित्वबोध का भी प्रतीक है। रात्रि के लगभग 11ः30 बजे सीपीएचडी फाउंडेशन के व्हाट्सएप समूह में सूचना प्राप्त हुई कि अशोका गार्डन क्षेत्र में एक विवाह समारोह के पश्चात बड़ी मात्रा में भोजन शेष रह गया है, जो लगभग 150 जरूरतमंद लोगों की भूख मिटा सकता है। सूचना मिलते ही संगठन के तीन प्रमुख सदस्य–प्रबंध निदेशक अभिषेक मकवानी, प्रबंध निदेशक माधवी यादव एवं कोर प्रशासक नितेश मेहरा–ने बिना समय गंवाए आयोजन स्थल की ओर प्रस्थान किया। तीनों सदस्यों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर भोजन को सुव्यवस्थित रूप से एकत्रित किया और उसे शहर के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंदों तक पहुँचाने का कार्य आरंभ किया। रातभर भोजन वितरित करने के पश्चात लगभग सुबह 4ः30 बजे ये सभी सदस्य अपने-अपने निवास लौटे। भोजन पाकर भूखे लोगों के चेहरों पर जो संतोष और प्रसन्नता की झलक देखने को मिली, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यह सेवा कार्य न केवल मानवता का परिचायक है, बल्कि समाज के प्रति सजगता और समर्पण का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। संगठन के इन सदस्यों को इस पुनीत कार्य के बाद जो आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ, वह उनके समर्पण और सेवा भावना की गवाही देता है।


## जाट समाज के प्रतिनिधियों ने जाट फिल्म देखी फिल्म की जमकर की तारीफ

भोपाल

जाट समाज के प्रतिनिधियों ने जाट फिल्म देखी फिल्म की जमकर की तारीफ इस अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण जी गोरा अध्यक्ष वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश शासन , श्री हरनारायण जाट माली पूर्व अध्यक्ष जाट सभा भोपाल, श्री संतोष जी ठाकुर पूर्व अध्यक्ष जाट सभा भोपाल , श्री मोहन सिंह जाट जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोपाल, श्री शिव कुमार जी पटेल पूर्व अध्यक्ष जाट समाज हरदा, श्री रामभरोस जी खेरवा,श्री कुबेर सिंह जाट, श्री चंदन सिंह जी जाट,श्री वीरेंद्र सिंह जाट, श्री राकेश वर्मा, श्री संजीव राणा, श्री सी पी सिंह चौहान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष भोपाल, श्री कैलाश जाट, श्री तेज सिंह जाट, डॉ सुरेंद्र सिंह,श्री भूपेंद्र दलाल, श्री कैलाश जी टाडा, श्री नारायण जी बागड़िया, आदी भारी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे एवं मातृशक्ति भी भारी संख्या में उपस्थित थी



## मालपुर भिलट देव पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा और अखंड रामायण पाठ





भोपाल हैडलाइन्स*सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी

मालपुर भिलट देव पंचमुखी हनुमान मंदिर में एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विशाल भंडारे के साथ-साथ 24 घंटे की अखंड रामायण पाठ भी किया गया। इस अवसर पर सर्व हिन्दू समाज ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की।विशाल भंडारा मंदिर में हनुमान जी की कृपा से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। 24 घंटे की अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान राम की महिमा का गुणगान किया गया। सर्व हिन्दू समाज ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भंडारे की सफलता में योगदान दिया। अखंड रामायण पाठ और विशाल भंडारे ने इस आयोजन को धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बना दिया। इस आयोजन ने समाज के लोगों को एकजुट करने और हनुमान जी की भक्ति में डूबने का अवसर प्रदान किया।मालपुर भिलट देव पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित विशाल भंडारा और अखंड रामायण पाठ एक अद्वितीय और अविस्मरणीय आयोजन था, जिसने समाज के लोगों को एकजुट करने और भगवान की भक्ति में डूबने का अवसर प्रदान किया साथ ही प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजा साहब वर्तमान विधायक अभिजीत शाह के द्वारा भिलट बाबा मंदिर पर मेले का निशान चढ़ाया गया जिसमें विधायक प्रतिनिधि नागू पटेल नगर अध्यक्ष रमेश मालवीय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे राजा साहब ने परिवार सहित पूजन अर्चना की ओर पूरे नगर की क्षेत्र की खुशहाली की कामना भी की

## बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव पर विशाल रैली निकाली

## संविधान हम सभी को बचाता है लेकिन आप वक्त है हम सबको मिलकर संविधान को बचाना होगा, योगेश मानसिंह कुशवाहा

संतोष योगी की खबर 9993268143



भोपाल बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव पर संयुक्त जयंती उत्सव कार्यक्रम ग्राम कलखेड़ा में चल समारोह वाहन रैली बी.आर. अम्बेडकर जनकल्याण समिति द्वारा निकाली यह वाली रैली भानपुर कंकाडिया से सिंकदराकद, मंगलिया बरखेड़ी, सूरज नगर होकर नीलबड़ से ग्राम कलखंडा विशाल जनसभा सांस्कृतिक कार्यकम मेधावी विद्याथीयों व बुजुगों का सम्मान किया यह जानकारी कार्यक्रम प्रमुख आयोजक हिंदू शेर रवि खरे ने दी उन्होंने बताया बहुजन स्ल राजू भारतीय जी सांस्कृतिक कलाकार कुमारी सुषमा सूर्यवंशी मांस्कृतिक कलाकार मुख्य / संरक्षक राहुल मारण जी ग्राम बरखेड़ी मुख्य अतिथि मा. कमलेश दोहरे जी संघ प्रिय एवं विशेष अतिथि मा. योगेश मान सिंह कुशवाह जी मा. राजेश जागेड़े जी मा. इशरार खान जी मा. रामदयाल सिसोदिया जी मा. संजय गायकवाड़ जी वरिष्ठ समन्वय बोर्ड श्याम सिंह सरोनिया, मोहन सिहं ठेकेदार, प्रताप दोहरे, अंसार खान, अमानी लाल फरैया, कमल सरोनिया, राम सिंह सर्गनिया, डी.डी. दोहरे, पन्नालाल खुराना, धन्नालाल खुराना, मनोज दोहरे किराना, थान सिंह सनिया, रामस्वरूप खुगना, राजू जंगड़े, रघुवीर खुराना रामअवतार नरोलिया, महेश सरानिया, अमान सिलावट, कैलाश सूर्यवंशी, बलराम पटेल, देवीसिंह बामनिया, मिथुन अहिरवार, महेश फरैया सोनू सिलावट, राधेश्याम दोहरे, दीपक बाथम, गंजन सिलावट, गुलाब दोहरे, पर्वत दोहरे,व्यवस्था करनेवाला कलखेड़ा ः आकाश सरोनिया, अखिलेश बामनिया, डॉ. मनोज डोहर, खुशीलला दोहरे, सुरेश बामनिया, बलराम बामनिया, अमित सुगना, अंकित प्रजापति, ओम प्रकाश खरे, दीपक सरोनिया, अजय सूर्सवंशी, अरूण सरोनिया, शैलेन्द्र सिलावट, विजय सिलावट, सुनील बाथम, दशरथ बामनिया, दुर्गाश खरे, पीटू मालवीय, अभिषेक कस्तवार, राकेश खुराना, दिव्यांश नरोलिया, अभिषेक सिलावट, विरेन्द्र खरे, विपिन दोहरे, अंशुल सिलावट, नरेश खरे, दीपक उनिया, विकास जागड़े, आर्यन सरोनिया, आदित्य सिलावट, दिनेश बामनिया, अंकित सिलावट, मनमोहन फरैया, संजय सरोनिया संजय सिलावट, रोहन खुराना, अरूण दोहरे, रोहित सूर्सवंशी, अनिल कस्तावार, करण दोहरे, लवकी सरोनिया, शिवा सरानिया तरूण दोहरे, सुशील सरोनिया, तरूण सरोनिया, लक्की दोहरे, हर्ष दोहरे मुगलिया मंडल मोनू जाटव, अर्जुन दोहरे, पवन जाटव, रेवा दोहरे, जगदीश जाटव, गंगाराम जाटव, बदरी प्रसाद जाटव, विनोद दोहरे, पवन दोहरे, राजू दोहरे, महेन्द्र जाटव, धनश्याम दोहरे, सचिन सिरोलिया, सोनू जाटव, प्रहलाद दोहरे, विजय जाटव, वि दोहरे, सूरज दोहरे, सूरज दोहरे भानपुर केकाडिया मण्डल दीपेश दोहरे, राजकुमार अहिरवार, इमरत सिलावट, मोहन दोहरे, सुभाष नरोलिया, करन दोहरे, सोनू दोहरे, संदीप दोहरे अमन खान, सलमान, भागीरथ चौहान, रामेश् कनास, विशराम डावर, अर्जुन चौहान, रवि जामरा सिकंदराबाद मंडल गंगाराम सूर्यवंशी, राम सिंह दंगोलिया, गुलाब केसरिया, राधेश्याम गोयल, रतनलाल, मंदनलाल पंडा जी, राजा जी, राजाराम, लक्ष्ण नारायण, जितेन्द्र अहिरवार, अशोक सूर्यवंशी, राजेश केसरिया, दशरथ राठौर, कम्मल सिंह, देवेन्द्र सिंह, तुलसी राम, सूर्यवंशी, मुख्य / संरक्षक राहुल मारण जी ग्राम बरखेड़ी आयोजक ः रवि खरे अध्यक्ष, धनश्याम दोहरे बी. आर. अम्बेडकर जनकल्याण समिति कलखेड़ा आदि

## डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बालिस्ता रावत ने मनाई जयंती

संतोष योगी की खबर 9993268143





भोपाल हेडलाइन भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत के उपस्थिति में एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष, वार्ड 60 के पार्षद अधिवक्ता बी.शक्ति राव के नेतृत्व में डॉ.भीमराव अंबेडकर जी (बाबा साहब) के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि कर मनाई जयंती । बालिस्ता रावत ने बताया कि, भारत रत्न से सम्मानित डॉ.भीमराव अंबेडकर जी, महान संविधान शिल्पी और करोड़ों देशवासियों की आत्म गौरव के प्रतीक है, शिक्षा और न्याय के बल पर समरसता, स्वतंत्रता पर आधारित संविधान की रचना कर भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ प्रदान किया, अंबेडकर जी ने अनुसूचित जाति, जनजाति, गरीबों, महिलाओं के कल्याण तथा देश के उत्थान के लिए संघर्ष करते-करते अपना जीवन समर्पण कर दिया ऐसे महापुरुष को शत-शत नमन । कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भास्कर राव, हरिश प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र रॉय, सुनील, शेखर तथा अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## भाजपा मंडल सिराली ने डॉक्टर अंबेडकर की जयंती मनायी

भोपाल हेडलाइंस सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी




सिराली/सिराली गांधी चौक सिराली पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सिराली ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि पूरे देश में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा के प्रत्येक बूथ पर मनायी जा रही है एवं देश एवं समाज में उनके द्वारा दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि उनका जन्म मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। वह एक महान नेता, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे। उन्होंने दलित वर्गों के अधिकारों और समानता के लिए जीवनभर संघर्ष किया। जयंती समारोह में अनिल राजपूत ने डॉक्टर अंबेडकर के जीवन और समाज में उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर के प्रयासों से भारतीय समाज में समानता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।डॉक्टर अंबेडकर की विरासत आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा शुरू किए गए आंदोलनों और उनके द्वारा लिखे गए ग्रंथों ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दिखाई है। वह एक सच्चे देशभक्त और समाज सुधारक थे जिन्होंने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल राजपूत कैलाश अग्रवाल रामकृष्ण लखोरे राजा अग्रवाल प्रदीप वंशकार प्रेम चंद बिले राधेश्याम नागराज( तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी) यश नागराज दिलीप सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# डॉ भीमराम अम्बेडकर जी की जंयती जिला बार की डॉ भीमराव अम्बेडकर सभागार में बडी धूम धाम से मानायी गयी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन जिला बार के डॉ भीमराव अम्बडकर सभागार में म0प्र0 पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अधिवक्ता संघ एवं जिला बार ऐसोसियट भोपाल के संयुक्त तत्वाधन में मनायी गयी जिसमें म0प्र0 पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष तुलसीराम पटेल अधिवक्ता ने अपने उधबोधन में कहा कि महात्मा ज्यौति राव फूले, मॉ सावित्री बाई फूले, डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के पद चिन्हो पर चलने की अपील की समस्त अधिवक्ताओ से अंपील की हर अधिवक्तो को संविधान को पढना चाहिये और हर घर में सविधान की पुस्तक रखना चाहिए। इस कार्याक्रम के भोपाल बार के जिला अध्यक्ष दीपक खरे अधिवक्ता, दीपचन्द यादव अधिवक्ता, सैयद साजिद अलि अधिवक्ता, महबूब अंसारी अधिवक्ता पूर्व प्रदेश बार के सदस्य, लायन महेश कुमार साहू अधिवक्ता, पूर्व अध्यक्ष पी.सी.कोठारी अधिवक्ता, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव अधिवक्ता, सचीव मनोज श्रीवास्तव अधिवक्ता, कोषाअध्यक्ष ब्रजबिहारी रघुवंशी अधिवक्ता, कैलाश भारती अधिवक्ता, एन.एस.गौतम अधिवक्ता, लक्ष्मी मीणा अधिवक्ता, उमेश श्रीरोमणी अधिवक्ता, एवं अन्य अधिवक्ताओ ने संबोधित किया। जिसमें कार्याक्रम का आभार व्यक्त मनीष नेमा अधिवक्ता ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विजय सिरवया अधिवक्ता, लालचन्द भारके अधिवक्ता, विजय राज मालवीय अधिवक्ता, लखन लाल खाती अधिवक्ता, संजय सेन अधिवक्ता, राकेश कुनसारिया अधिवक्ता, अनिल कुमार जैवार अधिवक्ता, जे राज डोलपुरिया अधिवक्ता, राकेश निन्दाने अधिवक्ता, विवेक बोलाय अधिवक्ता, उषा ननदोरे अधिवक्ता, गोपी धानक अधिवक्ता, अविनाश रावल अधिवक्ता, साविर सिद्धकि अधिवक्ता, दिलीप शाक्या अधिवक्ता, राकेश मेषराम अधिवक्ता, रोहित धनोरिया अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित हुए।

# सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स की प्रांतीय बैठक संपन्न

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन त्रैमासिक प्रांतीय बैठक यांत्रिकी भवन भोपाल में आहुत की गई। बैठक में इंजि.उमेश दुबे प्रांताध्यक्ष, संरक्षक इंजि.सुरेन्द्र करंजगांवकर, इंजि.जे एल. गुप्ता, इंजि.सोमनाथ शर्मा सलाहकार, इंजि.एस के शर्मा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष इंजि. आर.एम.सिन्हा प्रांतीय कोषा अध्यक्ष एवं पूरे मध्य प्रदेश के 150 प्रांतीय, क्षेत्रीय, जिला पदाधिकारियों, सदस्यों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र अनुमोदित कर प्रशासन की सेवानिवृत्त सेवकों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध आंदोलन का शंखनाद किया। संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा। इंजि. उमेश दुबे प्रांताध्यक्ष ने यांत्रिकी भवन में सफल आयोजन के लिए इंजि.सूरज सिंह कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, इंजि.कपिल देव त्यागी महामंत्री डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक के सफल आयोजन में भोपाल के इंजी.रत्नाकर राउत, प्रदीप बक्शी, एल. एल. खरे इंजी. आर.एम .सिन्हा, नरेंद्र शर्मा, हरिशंकर खरे, के के गुप्ता, पाराशर जी का विशेष योगदान रहा

# 'मंडीदीप में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, दूसरे दिन हजारों युवाओं की उमड़ी भीड़ युवा भक्ति में लीन'

**भोपाल हेडलाइन मंडीदीप।**



शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंडीदीप नगर में 13 अप्रैल दिन रविवार को एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के सदस्य सम्राट अंकित कुशवाहा ने बताया कि यह शोभायात्रा शिव विलास होटल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मंगल बाजार स्थित माता काली मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में सबसे बड़ा आकर्षण 12 फीट ऊंची वीर बजरंग बली की प्रतिमा रही। शोभायात्रा के दौरान मार्गों पर जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर नगर का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। शोभा यात्रा में सकल हिन्दू समाज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजक रोहित सिंह राजपूत ने सकल हिन्दू समाज और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन लेकर रोहित सिंह मित्र मंडल ने विशेष तैयारी की थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे कमान संभाले हुए थे नपा द्वारा शोभायात्रा से पहले बहुत ही शानदार व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह निखिल सिंह रजत सिंह राजपूत राहुल शर्मा रजत चौकसे मोहित बघेल गोलू चौधरी अतुल पटेल श्रीकांत बैरागी ॠतिक द्विवेदी शुभम नायक पवन मिश्रा अंकुश पटेल सहित शोभायात्रा में नगर के सामाजिक राजनीतिक पत्रकार बंधु सम्मिलित हुए और एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी सहित दोनों थानों का पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई।

## डॉ.बाबासाहब आंबेडकर जी जयंती धूमधाम से मनाई गई

# हमें डॉ बाबासाहेब को समझने की आवश्यकता है, बेंड बाजे बजाकर या नाच गाकर उद्धार नहीं होगा- प्रोफेसर रतनलाल

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

### सबनानी जी ने करुणा बुद्ध विहार में विपश्यना हाल का शीलान्यास किया



भोपाल हेडलाइन करुणा बुद्ध विहार, तुलसी नगर में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के तत्वावधान में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली युनिवर्सिटी के प्रो.डा रतनलाल संस्थापक एवं मुख्य संपादक ÷आंबेडकर नामा÷ ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने आज तक डॉ बाबासाहेब के विचारों को समझा नहीं है। हम केवल बाबासाहेब की जयंती मनाने में नाच गाना करने में ही खुश रहते हैं, लेकिन इससे कोई लाभ मिलनेवाला नहीं है और ना ही समाज का उद्धार होनेवाला है। हमे ऐसे आयोजन कर के बजाय इन पैसों से स्कुल, वाचनालय, छात्रावासों का निर्माण करना चाहिए, ताकि समाज के गरिब तबके के बच्चों को अच्छी व सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। समारोह में पधारे लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी ने हमें जो कुछ भी दिया है, उसे भी हम सहेजकर नहीं रख पा रहे हैं, बल्कि उसे खोते जा रहे हैं, यह हमारे लिए सचेत करने के संकेत हैं। हमे इस पर सोचना चाहिए तथा अपने परिवर्तन लाना चाहिए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के मान विधायक श्री भगवानदास सबनानी जी ने सर्वप्रथम डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नागसेन सभागृह के प्रथम तल पर निर्मित होनेवाले विपश्यना हाल का शिलान्यास किया, ताकि शीघ्र विपश्यना हाल का निर्माण प्रारंभ किया जा सके। मान विधायक व्दारा अभिहाल ही विधायक निधि से विपश्यना हाल के निर्माण के राशि स्वीकृत की है। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सबनानी जी ने कहा कि देश में राष्ट्पति से लेकर सबसे नीचे स्तर तक पद पर र आसीन होने के लिए संविधान की ही शपथ लेनी पडती, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है?। बाबासाहेब व्दारा लिखित संविधान कितना पवित्र और महान है। समारोह में आमंत्रित दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के ट्रस्टी चेयरमेन डॉ चन्द्रबोधि पाटिल ने भी संबोधित करते कहा कि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर किसी एक विशेष वर्ग के लिए नहीं बल्कि सभी मानव जाति के उध्दार की सोच रखते थे। इस अवसर पर मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मोहनलाल पाटिल, बुध्दिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव एड शंकरराव ढेंगरे,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजि धम्मरतन सोमकुंवर, राष्ट्रीय सचिव बी टी गजभिये, समता सैनिक दल के प्रदेश संरक्षक यू जी चवरे, रामू गजभिये ने संबोधित करते हुए डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डाला और समाज की उन्नति के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य भिक्षुणी संघमित्रा ने तथागत गौतम बुद्ध और डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष पूष्प अर्पित कर सभी को पंचशील त्रिशरण ग्रहन कराया। समारोह में आभार प्रदर्शन भोपाल जिला शाखा के अध्यक्ष मनोज माणिक एवं संचालन अशोक पाटिल, जिला महासचिव व्दारा किया गया।

समारोह में संसृथा के सभी पदाधिकारियों के साथ प्रबुद्ध महिला मंडल, प्रबुद्ध नागरिको के साथ बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाए उपस्थित थे। समारोह में प्रबुद्ध महिला मंडल की ओर से लड्डु तथा त्रैमासिक पत्रिका प्रग्यारत्न परिवार की ओर से शरबत का वितरण किया गया।

# धानुक समाज ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती

**संतोष योगी की खबर 9993268143**



भोपाल हेडलाइन बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल के नेतृत्व में आज समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं तथा समाज बंधुओं ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके पुण्य स्मरण किया। धानुक समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के देश के प्रति योगदान समर्पण और संघर्ष पर संक्षिप्त परिचय डालते हुए बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर सर्वहारा वर्ग के मसीहा थे। वही उन्होंने दलितों के लिए देश में विशेष योगदान देकर उन्हें उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए अग्रणी कार्य किया। भीमराव अंबेडकर ने आजादी के बाद जो संविधान देश को दिया उसमें दलित शोषित पिछड़ा वर्ग ही नहीं सर्वहारा वर्ग को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए और स्वतंत्रता के साथ जीवनयापन करने के लिए उन्हें मौलिक अधिकार प्रदत्त किए जिसमें भोजन का अधिकार शिक्षा का अधिकार सहित अन्य अधिकार नागरिकों को देकर उनके जीवन को खुशहाल बनाया। श्री बंसल ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाज बंधुओं द्वारा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया ताकि देश में दलितों का मान सम्मान बना रहे इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सर्वश्री के पी टीकले श्री जितेंद्र स्नेही,जगमोहन वंशकार, जय बंसल, आकाश बंसल सहित समाज के विभिन्न नागरिक भी शामिल थे।

# प्रतिमा पर श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने माल्यार्पण किया



**भोपाल हेडलाइन**

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 134वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने माल्यार्पण किया और कहा की बाबा साहेब सदैव शोषित, वंचित, ओर पीड़ित समाज के उद्धारक रहे उनके आदर्शो और उद्देश्यों को हम सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए ताकि उनके सपनों का देश बनाया जा सके। तथा आज का दिन हमें देश के प्रति हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। ऐसे महामानव के विचारों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए और सदैव शिक्षित और संगठित रहते हुए संघर्ष करना चाहिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी जयंती के पावन अवसर पर ऐसे महामानव के चरणों में विनम्र अभिवादन करता हुं। इस अवसर पर श्रमिक नेता दीपक गुप्ता के साथ सुशील गुप्ता विकास गुप्ता, शिवकुमार, सहित कई जन शामिल हुए

# गिरनार हिल्स कॉलोनी में श्री हनुमान जी महाराज और गणेश जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठ आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

**संतोष योगी की खबर 9993268143**






भोपाल हेडलाइन गिरनार हिल्स कॉलोनी में श्री हनुमान जी महाराज और गणेश जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल के जिला अध्यक्ष श्री रविंद्र यति जी, वार्ड क्रमांक 60 के पार्षद की शक्ति राव जी, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अश्विनी राय ,जी श्रीमती रश्मि साकेत प्रसाद पांडे जी, अवधपुरी मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र धोते जी, मंडल महामंत्री श्री संजय सेवनानी जी विधायक प्रतिनिधि श्री आनंद पाठक जी, जाट समाज भोपाल के अध्यक्ष श्री हरि किशन डागर जी, सरदार पटेल धार्मिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष पार्थ पाटीदार जी मंडल उपाध्यक्ष श्री प्रसाद तिवारी जी कोषाध्यक्ष अतुल अंजान ,जी एसपीएस हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर एसपी सिंह जी कार्यक्रम में गिरनार हिल्स परिवार के साथ ही आसपास की कॉलोनी के रहवासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक और निर्णय कॉलोनी के अध्यक्ष संतोष जाट और सचिव पवन तिवारी जी के द्वारा दी गई कार्यक्रम में शिव हनुमान मंदिर सेवा समिति गिरनार हिल्स के सभी पदाधिकारियों ने भी पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

भोपाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रिछारिया परिवार द्वारा किया जा रहा है एन के रिछारिया ने बताया कि कथा का दूसरा दिन जो कि झरनेश्वर मंदिर जवाहर चौक पर श्री रूपेश श्याम जी महाराज काशी के मुखारविंद से अयोजित की जा रही है श्री देवी रिछारिया और सारा रिछारिया परिवार साथ में सभी मित्र मंडली के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं कथा 13 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल तक चलेगी भंडारा 19 अप्रैल को किया जाएगा सभी रिछारिया परिवार व्यवस्था को संभाल रहे हैं भागीरथ रिछारिया विनोद रिछारिया. कौशल किशोर रिछारिया प्रमोद रिछारिया प्रवीण रिछारिया बृज किशोर रिछारिया प्रकाश रिछारिया अनिल रिछारिया राजीव रिछारिया अंबिका शरण रिछारिया आदि

# बाबा साहेब की जयंती सामाजिक समानता के शिल्पकार थे डॉ.भीमराव अंबेडकरः कुशवाहा

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल, भारतीय संविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का समग्र जीवन दर्शन उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व संपूर्ण मानव समाज के कल्याण के लिए समर्पित रहा है। डॉ. अंबेडकर सच्चे मायने में सामाजिक समानता के शिल्पकार थे। यह बात समग्र पिछड़ा वर्ग सामाजिक संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राम विश्वास कुशवाहा ने बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर का संपूर्ण जीवन समानता का अधिकार, दलितों, गरीबों एवं बेसहारा लोगों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि भारतीय संविधान में बाबा साहेब की आत्मा का वास है, भारतीय संविधान में बाबा साहेब द्वारा सभी संवर्ग के कल्याण के लिए तथ्यात्मक पहलुओं का समावेश किया गया है। श्री कुशवाहा ने बताया कि समग्र पिछड़ा वर्ग सामाजिक संगठन मध्य प्रदेश के पदाधिकारी साथियों के जन्म दिवसों वैवाहिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रकार के आयोजन में उपहार में कोई वस्तु नहीं बल्कि ÷भारत का संविधान ÷ पुस्तक के प्रति भेंट करेंगे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी श्री के पी कुर्मवंशी, सत्यनारायण सिंह, रामकिशोर कुशवाहा ,भास्कर प्रसाद वर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, रामदयाल साहू, मनोहर गौर, पूरनलाल साहू, दिनेश पटेल, जय सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बारों पर सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल श्री वीरेंद्र धाकड़ की सख्ती,

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन कलेक्टर भोपाल के आदेश पर सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल द्वारा एक टीम गठित कर प्रतिदिन कम से कम 4-5 बारों के गहनता से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं ।टीम द्वारा आज हाउस न. 230, रीमिक्स बार,टर्निंग पॉइंट आदि बारों को चैक किया ,जिसमें बारों पर संगृहीत मदिरा स्टॉक, परमिटों आदि चैक किए जा रहें है, बारों को हिदायत दी जा रही है कि निर्धारित समय से बार खोले एवं बंद करें ।परमिट के अनुसार से निर्धारित दुकान से मदिरा का उठाव करें । नियमानुसार बार संचालित करें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी ।ज्ञातव्य हो कि 2 दिन पूर्व आबकारी टीम द्वारा एमपी नगर क्षेत्र के बार चैक किए थे । वही दूसरी और अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान में एक अन्य टीम द्वारा नारियल खेड़ा के गौतम नगर में आरोपी नीलम 2/श्र अमर सिंह मेस्कर से 41 पाव देशी मदिरा एवं भानपुर इलाके के चौकसे नगर से आरोपी लक्ष्मी 2/श्र धर्मेंद्र लोधी के कब्जे से 16 पाव देशी मदिरा के बरामद कर विधिवत प्रकरण कायम किए ।
आज की कार्यवाहियों में समस्त अधिकारी एवं स्टाफ का योगदान रहा। ऐसी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेगी ।

# एक दिवसीय उड़ान जिनोत्सव मेले का सफलता पूर्वक समापन

संतोष योगी की खबर 9993268143



भोपाल हेडलाइन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जवाहर चौक में एक दिवसीय जिनोत्सव मेले का सफलता पूर्वक समापन हुआ मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री मनोज जैन बांगा( अध्यक्ष पंचायत जैन कमिटी ट्रस्ट भोपाल) द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न जैन समाज के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री एस पी सिंह,प्रदेश कॉर्डिनेटर श्रीमती भारती जैन,उड़ान संस्था से जिला अध्यक्ष श्रीमती साक्षी अयाचित, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह,मीडिया जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश जॉर्ज ,मानवाधिकार संगठन से जिला उपाध्यक्ष श्री मनीष रघुवंशी,जिला कॉर्डिनेटर श्री निर्मल खरे सक्रिय सदस्य विदु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे,मेले में आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कपड़े, हैंडमेड पेंटिंग्स ,विभिन्न प्रकार के नमकीन,मोदी केयर, रैकी हीलिंग्स,लखनवी सुट्स साड़ी, कलकत्ता की साड़ीयां,हाउस होल्ड की वस्तुएं,गौ उत्पाद,की स्टॉल्स का भोपाल के जैन समाज ने आनंद उठाया,इस मेले के मुख्य प्रायोजक थे किसना डायमंड जिन्होंने आकर्षक योजनाएं रखी थीं, प्रोक्योरा सोलर, वाघबकरी चाय जिन्होंने आइस टी से आने वालों को गर्मी से राहत दिलाई,उड़ान मेले का हमेशा से मुख्य आकर्षण ए एस जी आई हॉस्पिटल्स जिन्होंने निःशुल्क आंखों की जांच की। उड़ान समिति सभी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करती है। उड़ान संस्था द्वारा जैन समाज के सभी अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया गया, और पवित्र मंदिर प्रांगण में ÷उड़ान एक नई पहल ÷ को भी शुरू किया गया जिसमें ऐसे बच्चों की सहायतार्थ योजना चलाई गई जो आर्थिक परेशानी के चलते अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था हो सके,क्योंकि शिक्षा पर सभी का अधिकार है कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर स्टॉल लगाने वाले साथियों को उड़ान संस्था एवं संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया।

# सिंधी मेले में चला टप्पू सेना की रॉकिंग परफॉर्मेंस रॉक का जादू

## सिम्फ़ोनी बैंड की धुनों पर झूमा भोपाल का सिंधी समाज अंतिम दिन दिखा सिंधी समाज का जन सैलाब

संतोष योगी की खबर 9993268143



भोपाल। सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सिंधी मेले के अंतिम दिन मेले का हुजूम देखने योग्य रहा, जहां जो खड़ा तो वो वही ठहर गया, मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती के साथ की गई, आरती के बाद बाद सिम्फ़ोनी बैंड ( शुभम नाथानी ) की प्रस्तुति की शुरुआत हुई उनके सबसे लोकप्रिय गीत ÷ बेडो त मुहिजे लाल जो, आसा सिंधी आहियू माड़ू, सिंधी अबाडी बोली, जिसे सुनते ही दर्शक भावनाओं में बह गए, इसके बाद ÷धूम पिचक÷, ÷आना मेरी गली÷, ÷कभी आना तू मेरी गली÷ और ÷अब ना जा÷ जैसे सुपरहिट गानों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया, उसके बाद तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना नीतीश भूलानी ( टप्पू) धमित शाह ( गोली) समय शाह ( गोगी) का जैसे ही मंच पर आगमन हुआ तो पूरा सुंदरवन गार्डन झूम उठा. हजारों की संख्या में मौजूद कला प्रेमियों ने तालियों और हूटिंग के साथ उनका स्वागत किया. उनके साथ सिंधी गीतों पर खूब डांस कर फुल ऑन इंजॉय किया। टप्पू सेना के साथ इस पारिवारिक सिंधी मेले में टीवी कलाकार कृष्णा भट्ट ने भी लोगों का मनोरंजन कर खूब हसाय। सिंधी मेले में चला टप्पू सेना की रॉकिंग परफॉर्मेंस रॉक का जादू सिम्फ़ोनी बैंड की धुनों पर झूमा भोपाल का सिंधी समाज

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला टोली की बैठक हुई



संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला टोली की बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला कोषअध्यक्ष पंडित राजीव द्विवेदी जिला मंत्री अशोक यादव जिला महामंत्री विवेक पांडे राष्ट्रीय बजरंग दल जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोज अहिरवार जी जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह मंत्री गोलू गोस्वामी राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष राजा भैया प्रेम लववंशी ऋषभ द्विवेदी सर्व सहमति से वार्ड क्रमांक 54 में कुछ नियुक्तियां की गई अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अध्यक्ष निलेश सरकार को बनाया गया राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष विक्रम सैनी को बनाया गया सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

# 134 किलो के केक, नाट्य मंचन और धम्म संदेश के साथ मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती बुद्धभूमि महाविहार में बजी समता की गूंज'

## अंबेडकर का जीवन सिर्फ इतिहास नहीं, आज की ज़रूरत है- बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो

संतोष योगी की खबर 9993268143



भोपाल, 14 अप्रैल 2025
प्रेरणा, विचार और समता की लौ फिर एक बार प्रज्वलित हुई – कोलार रोड, चुनाभट्टी स्थित बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ द्वारा भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक और अनुशासित रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 8ः00 बजे त्रिशरण, पंचशील और दीप प्रज्वलन से हुई। भंते शाक्यपुत्र सागर जी के मार्गदर्शन में विशिष्ट अतिथि ने डॉ. अंबेडकर और तथागत बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य आकर्षण रहा ङ्क 134 किलो के भव्य केक का सामूहिक कटिंग, जो बाबासाहेब के 134 वर्षों की क्रांति और चेतना को दर्शाता है। इस अवसर पर हजारों अनुयायी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इसके उपरांत प्रस्तुत हुआ प्रभावशाली नाट्य मंचन ङ्क ÷संघर्ष से स्वाभिमान तक÷, जिसने बाबासाहेब के सामाजिक संघर्ष, संविधान निर्माण और वंचितों के अधिकारों के लिए किए गए अथक प्रयासों को जीवंत कर दिया। विशिष्ट अतिथियों में मा श्री रामेश्वर शर्मा,विधायक,मा श्री किशन सुर्यवंसी, अध्यक्ष -नगर निगम भोपाल, मा. श्री भगवानदास सबनानी विधायक,पी सी शर्मा, पूर्व मंत्री ,जी पी मेहरा,राष्ट्रीय अध्यक्ष अ भा मेहरा समाज,चैतन्य संकुले,प्रमुख अभियंता,आर आर गंगवारकर,पूर्व आईएएस ,सभाजीत यादव -पूर्व आईएएस ,चंद्रप्रकाश गोलाइट,अध्यक्ष-बुद्धभूमि महाविहार उपासक संघ,वंदना मुलताईकर, अध्यक्ष-मैत्रीय बुद्ध महाविहार उपासिका संघ, राहुल पाटिल ,राहुल जाधव सहित कई सम्माननीय हस्तियाँ उपस्थित रहीं, जिन्होंने बाबासाहेब के विचारों को आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर जी ने अपने धम्म संदेश में कहा ङ्क डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने केवल भारत का संविधान नहीं लिखा, उन्होंने उस जाति-विवस्था को चुनौती दी जो हजारों वर्षों से इंसानियत को बाँटती आई थी। उन्होंने किताबों से कानून नहीं बनाए, बल्कि पीड़ा से न्याय का रास्ता निकाला। उन्होंने कलम को हथियार बनाया और शब्दों को क्रांति में बदला। बाबासाहेब का जीवन सिर्फ इतिहास नहीं, आज की ज़रूरत है। वो केवल एक नेता नहीं, एक विचार नहीं, एक आंदोलन है; एक संघर्ष नहीं, एक जागरण है; एक नेता नहीं, एक युगपुरुष है। उन्होंने हमें पढ़ना सिखाया, सोचने की आज़ादी दी, और सबसे बड़ी बात ङ्क मानवता से जीने का साहस दिया। आज हम केवल जयंती नहीं मना रहे, हम उस चेतना को प्रणाम कर रहे हैं जिसने कहा था ङ्क 'मैं उस धर्म को मानता हूँ, जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है।' यह आयोजन तभी सार्थक होगा जब हम बाबासाहेब को केवल याद न करें, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में जिएँ। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।÷ भंते राहुलपुत्र, ने कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न गणमान्य,धम्मसेवियों और सहयोगियों के योगदान की घोषणा मंच से की और उन्हें साधुवाद दिया. अंत में सामूहिक सरबत वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के हजारों कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

# वैसाखी का त्यौहार अपनी पकी हुई फसल को देखता हुआ किसान खुशियों का त्योहार बैसाखी पर्व ओ जट्टा आई बैसाखी

संतोष योगी की खबर 9993268143




भोपाल हेडलाइन बैसाखी दिवस* ः30 मार्च 1699 का बैसाखी दिवस या वैसाखी दिवस सिखों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने आनंदपुर के पास केशगढ़ साहिब में आयोजित एक समारोह में अकाल खालसा (शुद्ध समुदाय) की स्थापना की थी। अकाल खालसा ने मुगल शासन के खिलाफ प्रतिरोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हर साल 13 अप्रैल को सिख खालसा पंथ की स्थापना का जश्न धूमधाम से मनाते हैं। पृष्ठभूमि ः वर्ष 1667 में मुगल सम्राट औरंगजेब ने अपने लगभग सभी पारिवारिक विरोधियों को खत्म करके खुद को भारत का सम्राट घोषित किया। सत्ता हासिल करने के तुरंत बाद औरंगजेब ने धार्मिक उत्पीड़न की नीति अपनाई और भारत के इस्लामीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इस मामले में ब्राह्मण औरंगजेब के मुख्य लक्ष्य बन गए क्योंकि उसके मौलवियों ने उसे यह विश्वास दिलाया कि एक बार ब्राह्मणों ने इस्लाम स्वीकार कर लिया तो दूसरे भी उसका अनुसरण करेंगे। अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए औरंगजेब ने हिंदुओं पर अनैतिक धार्मिक कर लगाए और उनके मंदिरों और शिक्षण स्थलों को बंद कर दिया। ब्राह्मणों, विशेष रूप से कश्मीर के लोगों को मुगल सम्राट द्वारा इस विध्वंस से लड़ने के लिए एक गतिशील नेतृत्व की सख्त जरूरत महसूस हुई। उन्होंने सिख गुरुओं की पंक्ति में नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर (1621-1675) से संपर्क किया, जो सिख धर्म के सिंहासन पर थे और उनसे इस मुद्दे पर मार्गदर्शन मांगा। इस बैठक के दौरान, गुरु तेग बहादुर के नौ वर्षीय बेटे, गोबिंद राय, उनके पास बैठे थे। गुरु तेग बहादुर को गहन चिंतन में पाकर, छोटे बेटे ने उनकी शांति का कारण पूछा। गुरु ने बच्चे को स्थिति समझाते हुए कहा कि दुनिया उत्पीड़न से त्रस्त है और अभी तक कोई भी बहादुर व्यक्ति औरंगजेब द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार के बोझ से धरती को मुक्त करने के लिए स्वेच्छा से अपने प्राणों की आहुति देने के लिए आगे नहीं आया है। इस पर युवा गोबिंद राय ने उत्तर दिया, ÷उस उद्देश्य के लिए तुमसे अधिक योग्य कौन है जो एक साथ उदार और बहादुर है।÷ अपने बेटे के उत्तर से प्रसन्न होकर, गुरु तेग बहादुर ने गुरु पद गोबिंद राय को सौंप दिया और मुगल साम्राज्य की राजधानी दिल्ली की ओर चल पड़े। 30 मार्च, 1699 का बैसाखी दिवस गुरु के आह्वान पर, हजारों लोग 30 मार्च, 1699 को वैसाखी के दिन भारत के अमृतसर के प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर आनंदपुर साहिब में एकत्र हुए। साथी लोगों में साहस भरने के लिए, गुरु गोबिंद ने एक शक्तिशाली भाषण दिया और उन्हें सिखों के बीच फिर से बसाने और सिख धर्म को संरक्षित करने के अपने दिव्य मिशन के बारे में बताया। अपने भाषण के अंत में गुरु ने अपनी तलवार निकाली और कहा कि हर महान कार्य से पहले उतना ही महान बलिदान होता है और उन्होंने बलिदान के लिए एक सिर की मांग की। गुरु के आह्वान पर लाहौर के खत्री दया राम ने खुद को बलिदान कर दिया। गुरु उसे एक तंबू के अंदर ले गए। थोड़ी देर बाद वह खून से लथपथ अपनी तलवार के साथ फिर से प्रकट हुआ और उसने एक और सिर मांगा। एक-एक करके चार और ईमानदार भक्तों - दिल्ली के जाट दाराम दास, द्वारका (गुजरात) के धोबी मोहकम चंद, जगन्नाथ (उड़ीसा) के रसोइए हिम्मत और बीदर (कर्नाटक) के नाई साहिब चंद ने अपने सिर पेश किए। हर बार जब गुरु किसी व्यक्ति को तंबू के अंदर ले जाते, तो वह अपने हाथ में खून से सनी तलवार लेकर बाहर आता। इन ÷संत सैनिकों÷ को अपना जीवन दूसरों की सेवा और सभी धर्मों के लोगों के लिए न्याय की खोज में समर्पित करना था। गुरु ने यह भी कहा कि जब भी और जहाँ भी पाँच बपतिस्मा प्राप्त या अमृतधारी सिख एक साथ आते हैं, गुरु मौजूद रहेंगे। पाँच बपतिस्मा प्राप्त सिखों से अमृत प्राप्त करने वाले सभी लोगों में बलिदान देने की हिम्मत और शक्ति की भावना भर जाती है। इस प्रकार इन सिद्धांतों के साथ, गुरु गोबिंद ने पंथ खालसा की स्थापना की, जो शुद्ध लोगों का आदेश है। गुरु ने अपने नए खालसा को एक अनूठी, निर्विवाद और विशिष्ट पहचान भी दी। गुरु ने बाना का उपहार दिया, जो विशिष्ट सिख वस्त्र और सिर पर पहनने वाली वस्तु है। उन्होंने पवित्रता और साहस के पाँच प्रतीक भी पेश किए। ये प्रतीक, जो दोनों लिंगों के सभी बपतिस्मा प्राप्त सिखों द्वारा पहने जाते हैं, आज पाँच के के रूप में लोकप्रिय हैंः ज़ केश, बिना कटे बाल ज़ कंघा, लकड़ी की कंघी ज़ कर्रा, लोहे (या स्टील) का कंगन ज़ कृपाण, तलवार ज़ कचेरा, अंडरवियर अकाल (भगवान), कालातीत एक, और गुरु गोबिंद सिंह के चरणों में अपने जीवन को पूरी तरह से समर्पित करने के इस कार्य ने सिख धर्म का निर्माण किया। उसके बाद कई शताब्दियों तक पंजाब में हिंदुओं के सभी परिवारों के पहले पुरुष बच्चे को सिख के रूप में नियुक्त किया जाता था। बैसाखी दिवस का सामाजिक महत्व राजनीतिक अत्याचार से लड़ने के अलावा, गुरु गोबिंद ने खालसा पंथ की स्थापना के साथ जाति के नाम पर सामाजिक भेदभाव को खत्म करने का भी प्रयास किया। गुरु द्वारा स्थापित पंज प्यारों ने निम्न और उच्च जाति के लोगों को एक में मिला दिया क्योंकि इसमें समाज के विभिन्न स्तरों के लोग शामिल थे। जाति भेदभाव की व्यवस्था को और खत्म करने और सभी सिखों को साहस, बलिदान और समानता का जीवन जीने का अवसर देने के लिए, गुरु ने हर सिख को सिंह (सिंह) का उपनाम दिया और खुद के लिए भी यही नाम लिया। गुरु गोबिंद सिंह द्धद्ध



# गरीब असहाय बहन बेटियों के साथ मिलकर संस्था ने 134 वीं बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई

संतोष योगी की खबर

भोपाल हेडलाइन बाहरी दिल्ली नरेला बांकनेर में गरीब असहाय अशिक्षित अप्रशिक्षित बहन बेटियों को शिक्षित बना और बेरोजगार महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम में लगी है। संविधान रचियता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी ने संपुर्ण भारत के निवासियों के लिए शिक्षा का हक व कानून में सबको एक बराबर का अधिकार दिलाने वाले दलितों के मसीहा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती पर संस्था ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी जाति धर्म के हर वर्ग के महिलाओं पुरूषों ने केक काटा और बाबा साहेब के जय कारें लगाएं गरीब बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेट किए। ड्रीम सोशल वेलफेयर कौशल विकास संगठन रजि एन जी ओ व टैलेंट ऑफ इंडिया ट्रस्ट रजि संस्था के छात्र-छात्रों ने बाबासाहेब के जीवन पर नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। कैसे बाबासाहेब ने गलियों मौहल्लों में जाकर लोगों को इकठ्ठा किया और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्टीय अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजकुमार योगी जी ने कहाँ बाबासाहेब ने जो शिक्षा का मोलिक अधिकार सबके लिए बराबर बताया हमारी संस्था भी गरीब असहाय बहन बेटियों को शिक्षित कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। महासचिव रोहताश सिंह योगी जी नें बताया सविधान की







ताकत ही हर गरीब का हथियार है बाबासाहेब ने सबको एक बराबर अधिकार दिए और आज भारत सरकार और दिल्ली सरकार भी सबको बराबर का अधिकार दे रहे हैं इस अवसर पर सी आई एस एफ पूर्व अधिकारी व संस्था के उपाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, संस्था के मुख्य सलाहकार सतबीर राणा, हाजी हकीम अब्दुल कय्यूम,प्रदीप गुलिया,सचिव लक्ष्मी देवी,मुख्य संरक्षक एस पी जून, सतीश कंडेरा,अर्चना देवी व बड़ी संख्या गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें

# उत्कल सांस्कृतिक परिषद भेल भोपाल द्वारा महा विषुब पणा संक्रांति (ओड़िआ नवबर्ष) पर आयोजित सरबत (पणा) वितरण कार्यक्रम अति उत्साहपूर्वक मनाया गया

भोपाल उत्कल सांस्कृतिक परिषद भेल भोपाल द्वारा महा विषुब पणा संक्रांति (ओड़िआ नवबर्ष) पर आयोजित सरबत (पणा) बितरण कार्यक्रम अति उत्साहपूर्वक मनाया गया, परिषद के सभी सदस्यों ने स्वागत अभिनंदन करते हुए बड़े उत्साह के साथ 8000 ग्लास सरबत यातायात लोगों को पिपलानी गुरुद्वारा चौराह पर बितरण किया। परिषद के महा सचिव निशान्त कुमार नन्दा ने कहा हर वर्ष की भांति इस बर्ष भी पना संक्रांति ओड़िआ नवबर्ष बड़े आनंद के साथ परिषद ने मनाया, इसी दिन को ओड़िआ नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है । इशी दिन पना बितरण करते हैं और नये वर्ष



की स्वागत अभिनन्दन करते हैं। परिषद के महिलाएं बच्चें और सदस्य परिवार के रूप में सहयोग करते हैं। यहाँ कोई भेद भाव नही है, इसी महीना अप्रैल 19 को उत्कल उत्सव Annual Function होना है जिसमे परिषद की और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होगा और भोजन का आयोजन भी रहेगा । आज की कार्यक्रम में परिषद के महा सचिव निशान्त कुमार नन्दा, राजकुमार बारीक मुख्य प्रबंधक एचईटी एसबीआई बैंक, समीर साहू, बैद्यनाथ दास, विष्णु पंडा, प्रद्युम्न साहू, कपीलेंद्र महापात्र, प्रकाश साहू, दिलीप साहु, संजय साहू, ललित प्रधान, सौभाग्य साहू, मनोरंजन सेठी, सुब्रत दास, विजय महंत, पूर्ण चंद्र बिश्वाल, सुमंत साहू, शंकर प्रसाद मल्ल, सत्यब्रत मिश्र, दीपक बेहरा, संतोष बेहेरा, भजमन साहू, डॉ जे एन साहू, सत्यब्रत बेहरा, नारायण पंडा, कृतिवास बिश्वाल, प्रताप नायक, सनातन परिडा, संतोष साहू, संजय कुमार ब्यूरा, अक्षय परिडा, प्रताप नायक, बिस्वभूषण दास सहित परिषद के लगभग 150 सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

# संत संतोख सिंह जी भजनगढ़ गुरुद्वारा में बैसाखी पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

औबेदुल्लागंज (संवाददाता) बजरंग तवर, वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर में स्थित संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में बैसाखी पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । सुबह 10ः00 बजे दीवान सजाया गया । फिर कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने कथा श्रवण कराते हुए बताया कि बैसाखी का पर्व शांति ,अमन , भाईचारे का पर्व है,, एवं आज के दिन से ही किसान पूजा पाठ करके अपनी फसल की कटाई का काम का शुभारंभ करते हैं,, उन्होंने बताया कि आज के ही दिन सन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी ,, जिसे सिक्ख सर्जना दिवस कहकर संबोधित करते हैं ,,यह त्यौहार पंजाब में सभी समुदाय इकठ्ठा होकर मनाते हैं,, और खुशियों का इजहार करते हैं ,, उन्होंने कहा कि पंजाब में समस्त धार्मिक स्थलों पर लंगर प्रसाद प्रसादी बटती हैं,, कथा के बाद भोपाल से पधारे साथी कुलविंदर सिंह रागी जत्थें ने बैसाखी पर्व पर भजन कीर्तन



के द्वारा बैसाखी पर्व की व्याख्या कर सबको निहाल कर दिया। दोपहर 1ः00 बजे गुरुद्वारे के वजीर भाई भगवान सिंह जी द्वारा अरदास की गई , अरदास के उपरांत गुरु प्रसाद एवं लंगर बाटा गया । बैसाखी पर्व के कार्यक्रम में छोटे-छोटे नोनिहाल बालको में अंति उत्साह देखा गया,, माताऐ बहने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ,, इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने भी उपस्थित होकर गुरुजी का आशीर्वाद लिया एवं लंगर, प्रसादी भी ग्रहण की ! कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्तागण एवं जन प्रतिनिधियों में राविंद्र विजयबर्गीय ,, जेपी शर्मा ,, सोनू चौकसे ,, पार्षद सुनील सेरिया ,, पार्षद आमिर मनमून,, पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी,, राजेंद्र साहू (गुड्डू भैया) ,, सुरजीत सिंह बिल्ले ,, देवेंद्र सिंह (राजू),, पवित्रा कौर ,, गंगाराम टेलर ,, एवं पत्रकार भूपेंद्र मेहरा ,,हरपाल राजपूत,, प्रीतम सिंह राजपूत आदि सहित उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सभी का गुरुद्वारा समिति ने सरोफा भेंट कर स्वागत किया गया ।

# अंबेडकर जयंती पर नवयुवक अहिरवार समाज संघ द्वारा निकाली गई वाहन रैली को विधायक भगवानदास सबनानी में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



## वाहन रैली के जरिए बाबा साहब का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं नवयुवक श्री भगवानदास सबनानी

संतोष योगी की खबर
9993268143

भोपाल - भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा नया बसेरा कोटरा वार्ड 27 में स्थित संत रविदास जी के मंदिर में दर्शन कर सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति की प्रार्थना की और मंदिर प्रांगण में स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, नवयुवक अहिरवार समाज संघ द्वारा बाबा साहब के जन्मदिन पर केक को श्री सबनानी ने समिति के अध्यक्ष शोभाराम गन्नोरे एवं साथियों साथ मिलकर काटा और सभी को इस शुभ अवसर की बधाई दी, श्री सबनानी ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा लिखे गए संविधान से ही देश चलता है, और सभी को समानता और समरसता का जो संदेश बाबा साहब ने दिया है वही हमारी एकता के सूत्र का मूल मंत्र है, समाज का हर वर्ग शिक्षित हो और शिक्षा के क्षेत्र में हमारा देश दुनिया में अग्रणी बने यही बाबा साहब का सपना था। हमारे प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश ने कई ऊंचाइयों को छुआ है और शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्व में अपना डंका बजाया हैं। आज अनेकों देश के विद्यार्थी हमारे यहां आकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मैं नवयुवक अहिरवार समाज संघ द्वारा निकाली जा रही वाहन रैली में शामिल सभी नवयुवकों से अपील करता हूं कि वह बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

मैं समानता समरसता और सामाजिक न्याय के महान प्रवर्तक को बारंबार प्रणाम करता हूं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाड़े वरिष्ठ नेता मुकेश राय पूर्व पार्षद राजेश खटीक नवयुवक अहिरवार समाज संघ के महासचिव नारायण राठौर उपाध्यक्ष जीडी मंडलोई श्रीमती शांति निमोरे कोषाध्यक्ष सीजी निवारे कार्यक्रम प्रभारी सुनील दिलारे हरीश नटेरिया नोमेश नंदमेहर संतोष लोंगरे राजा तिलवारी गणेश गन्नोरे रामदयाल जाटव बाबूलाल रागौर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# मुंबई आगरा नेशनल हाईवे रोड पर स्थित बाबा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की बजाय डीजल से चल रही है मोटरसाइकिल

भोपाल हेडलाइंस

टोंक खुर्द यह घटना सुनकर आम आदमी की हंसी नहीं रुक पाएगी क्योंकि यह वारदात तकरीबन 10ः30 बजे रात की है आपको बता दें की टोंक कला और भैरवा खेड़ी, चिडावद के बीच में बाबा पेट्रोल पंप पर रात को तकरीबन 10 बजाकर 30 मिनट पर एक मोटर साइकिल बाइक स्वर पहुंचा वहां पर उसे ने अपनी मोटरसाइकिल बाबा पेट्रोल पर पहुंचकर ?500 का पेट्रोल डालने के लिए कहा लेकिन वहां के कर्मचारी अपनी मस्ती में मस्त होकर पेट्रोल की जगह डीजल डाल दिया हित ग्रह का कहना है कि मैंने दो बार कहा कि भाई पेट्रोल डालना लेकिन अपनी मस्ती में कर्मचारी उसने डीजल डाला जब मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल स्टार्ट करके



अपने घर की तरफ जा रहा था तो 100 मी जाकर गाड़ी खड़ी हो गई बाइक सवार का घर भी नजदीक ही था टोंक कल निवासी हितग्राही पेट्रोल पंप ओनर के पास पहुंचा सुबह तो उन्होंने साफ इनकार किया कि ऐसा हो ही नहीं सकता जब मोटरसाइकिल की टंकी खोलकर बताया तो उसने कहा कि गलती से डल गया है यदि अगर उसे बाइक में इंजन या कोई खराबी आ सकती थी लेकिन पेट्रोल पंप ओनर खुद को पत्रकार कहकर हितग्राही को डरा धमका रहा था जब मीडिया वहां पहुंची तो उन्होंने उसे बाइक में से डीजल निकाल कर उसका भुगतान किया अगर ऐसा ही चला रहा तो अनेक कस्टमर को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

भोपाल हेडलाइन श्यामपुर ः- जन क्रांति जय भीम सामाजिक उत्थान संघ श्यामपुर के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बस स्टैंड श्यामपुर में बड़े उत्साह व धूमधाम के साथ आतिशबाजी चला कर ढोल धमाकों से व उनके चित्र पर माल्यार्पण समाजसेवी बने सिंह दांगी मंसाराम अहिरवार नर्मदा प्रसाद अहिरवार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी रामेश्वर दयाल महेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण शर्मा लाइक कुरैशी पत्रकार भंवरलाल पाटिल ने किया इस अवसर पर सत्यनारायण भाटी ने डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया इस मौके पर केवल राम अहिरवार पर्वत सिंह



अहिरवार मिथुन अहिरवार अविनाश भाटी दीपक अहिरवार अवध नारायण विजय सिंह अहिरवार विनोद भैया लाल बटन लाल विमलेश मोइन कुरैशी नर्मदा प्रसाद रोहित रघुवीर सिंह के अलावा कई नागरीक गण उपस्थित रहे

# अंबेडकर जयंती की धूमधाम से मनाई



संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड 61 में राहुल गांधी विचार मंच के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह मेहरा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाया इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने शरवत एवं हलवे का वितरण किया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष शराफात उल्लाह खान जी, रविन्द्र साहू झूमरवालाजी पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी गोविंदपुरा विधानसभा,राहुल गांधी विचार मंच अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष फरहान हसन जी ,कांग्रेस पार्टी के प्रशिक्षण प्रभारी नरेश सिंह जादौन शामिल हुए इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राहुल गांधी विचार मंच शिवराज सिंह मेहरा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान में जो प्रावधान किए हैं उसी का परिणाम है कि आज पूर्व शोषित , वंचित समाज स्वाभिमान से जी पा रहा है जो सोच डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की थी वही सोच माननीय राहुल गांधी जी की है राहुल गांधी विचार मंच राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प इस शुभ अवसर पर ले रहा है और भोपाल का दायित्व जो मुझे सौंपा है मैं उसे पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का संकल्प लेता हूं आज के कार्यक्रम में राजकुमार अहिरवार जी जीएल सूर्यवंशी जी , किसन भाटी जी, कुणाल गजभिए जी ,दुलीचंद जांगड़ा जी, सतीश कनौजिया जी ,अनिल पवार जी, ,बाबा बंजारे जी , प्रद्युमन तिवारी जी ,अजय यादव जी, जय राम वंशकार जी , सहित बड़ी संख्या में गोविंदपुरावासी उपस्थित रहे ।

**बाबा साहब की पत्रकारिता की विरासत को आगे बढ़ाएंगे**

# एक पत्रकार - संपादक के रूप में बाबा साहब की खास पहचान : वीडी शर्मा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वी डी शर्मा ने किया दैनिक सोशल जस्टिस का विमोचन बाबा साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुआयामी

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल, 14 अप्रैल।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की 124वीं जयंती और डिक्की के 20वें स्थापना वर्ष के अवसर पर सोमवार को दैनिक सोशल जस्टिस के डॉ. आंबेडकर विशेषांक का विमोचन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद श्री वीडी शर्मा ने किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि ÷बाबा साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुआयामी था। वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि एक दूरदर्शी पत्रकार, लेखक और संपादक भी थे।÷ उन्होंने इस विशेषांक को ÷सोशल जस्टिस के विचारों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल÷ बताते हुए इस प्रकार के प्रयासों को सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही।

विमोचन समारोह में महापौर मालती राय,



नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा नेता सुमित पचौरी, जिला अध्यक्ष रवीन्द्र यति, राहुल सिंह राजपूत, तथा द बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के अध्यक्ष पूज्य भंते सागर थेरो सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। डिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने कहा कि ÷डॉ. आंबेडकर ने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, जनता और प्रबुद्ध भारत जैसे पत्रों के माध्यम से सामाजिक चेतना का निर्माण किया। सोशल जस्टिस उन्हीं की पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास है।÷ उन्होंने यह भी बताया कि ÷डिक्की हर वर्ष डॉ. आंबेडकर जयंती पर समाज के सकारात्मक बदलाव की दिशा में कोई न कोई नवाचार करता है। पिछले वर्ष जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाई गई थी।÷ महापौर मालती राय ने इस प्रकाशन को समाज और शासन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक शुरुआत है। जिला अध्यक्ष रवीन्द्र यति ने कहा कि सोशल जस्टिस के माध्यम से बाबा साहब के विचार जन-जन तक पहुंचेंगे और यह प्रयास उनके मिशन को आगे बढ़ाएगा। नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने कहा कि बाबा साहब की बहुमुखी प्रतिभा में पत्रकारिता एक मजबूत स्तंभ थी। ऐसे प्रयास वंचित वर्गों की मीडिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर राजीव जैन ने किया।

स्वामी प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक संतोष योगी द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स मकान नंबर 28 कुमार पुरा चर्च रोड जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल
मध्य प्रदेश से प्रकाशित 462008 से मुद्रित एवं मकान नंबर 549 अन्ना नगर हबीबगंज बीएचएल हजूर भोपाल मध्य प्रदेश 462023 से प्रकाशित सभी न्यायालय मामलों के लिए जिला न्यायालय भोपाल रहेगा